हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026

9 सिवाना माइनर टूटने से कई एकड़ फसल जलमग्न



10 मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



### खबर संक्षेप



### अवैध निर्माण पर चला डीटीपी का पीला पंजा

**बहादुरगढ़।** जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से वीरवार को इलाके में तोड़फोड़ कार्रवाई की गई। टीम ने शहर की बैंक कॉलोनी के निकट काटी जा रही एक अवैध कॉलोनी में तीन डीपीसी ढहाई और रोड नेटवर्क ध्वस्त किया। इसके बाद नूना माजरा और सराय औरंगाबाद में दो ढाबों पर पीला पंजा चलाया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट वेदपाल दहिया की मौजूदगी में यह तोड़फोड़ कार्रवाई चली। पुलिस बल की तैनाती होने के कारण कार्रवाई में किसी तरह का खलल उत्पन्न नहीं हुआ।

### बेरी में बिजली उपभोक्ता की आज सुनेंगे समस्याएं

**झज्जर।** शुक्रवार को बिजली निगम डिवीजन बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए बिजली अदालत और उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन व लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई उपभोक्ता फैसले से संतुष्ट नहीं है तो वह अपनी शिकायत अध्यक्ष अभियंता झज्जर के समक्ष रख सकता है।

### ट्रैक पर मृत मिले युवक की नहीं हो पाई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल के निकट रेलवे ट्रैक पर मृत मिले व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई। निर्धारित 72 घंटे की समयावधि समाप्त होने के बाद जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। घटना 15 मार्च की है। दरअसल, कोई राहगीर ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गया। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक के कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा कि मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष रही होगी।

## मौसम के करवट बदलने से किसानों की बढ़ी चिंता

# दूबलधन में बिजली गिरने से खेत में मजदूर की मौत, एक झुलसा

- बुधवार को बरसात और आंधी से फसलों को हुआ काफी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


बरसात के दौरान वीरवार सायं क्षेत्र के गांव दूबलधन के खेतों में आसमानी बिजली गिर गई। इसके कारण फसल कटाई में जुटे एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दूसरा बुरी तरह से झुलस गया। सूचना मिलने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और आनन-फानन में सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।

मृतक की पहचान यूपी के झबरापुर गांव निवासी सुधीर के तौर पर हुई है, जबकि आसमानी बिजली गिरने से झुलसे युवक की पहचान अक्षय के तौर पर की गई है। जानकारी के अनुसार, वीरवार सायं जब दोनों श्रमिक गांव के पाले नामक व्यक्ति के खेत में सरसों की फसल काट रहे थे तो करीब 4 बजे अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ बिजली गिर गई। इस आसमानी बिजली की चपेट में आने से सुधीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अक्षय गंभीर रूप से झुलस गया। घायल अक्षय को उपचार के लिए बेरी के नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। जहां वह उपचाराधीन है। मामले के जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया गया है। शुक्रवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। बारिश और तेज हवाओं के कारण गिरी गेहूं की फसल।

### किसानों ने नुकसान का मांगा मुआवजा



बहादुरगढ़। गांव मांडोठी के खेतों में पसरी गेहूं की फसल।

**बहादुरगढ़।** बुधवार शाम आई तेज आंधी और बारिश के बाद किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों में खड़ी किसानों की फसलें तबाह हो गईं। सरसों की कटाई चल रही है और गेहूं की कटाई अगले हफ्ते शुरू होनी है। ऐसे में आंधी और बारिश ने आखिरी समय में सब कुछ बर्बाद कर दिया है। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने भी स्पेशल गिरदावरी करवाने तथा प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव कामरेड जयकरण ने बताया कि मांडोठी समेत अन्य गांवों में फसलें पूरी तरह से खेतों में बिछ गई हैं। इसी तरह खेतों में खड़ी, काटी हुई एवं अनाज मंडियों में किसानों द्वारा लाई गई सरसों की फसलें खराब हो गई हैं। उनके अनुसा, सरकार को तुरंत इस नुकसान का आंकलन करवाने के लिए स्पेशल गिरदावरी करवानी चाहिए। साथ ही इस नुकसान की अविलंब भरपाई की जानी चाहिए।

### 5.8 एमएम बरसात से मौसम में घुली ठंडक

**बहादुरगढ़।** इलाके में बीते सप्ताहभर से मौसम बदला हुआ है। बुधवार रात को तो तेज आंधी के साथ बरसात शुरू हुई। हालांकि कुल 5.8 एमएम बरसात ही दर्ज हुई, लेकिन मौसम में ठंडक घुल गई। अधिकतम तापमान गिरकर 27 डिग्री पर पहुंच गया। वीरवार को भी दिन भर मौसम बदलता रहा। कभी धूप निकली तो बादल छा गए और दिनभर ठंडी हवा चलती रही। देर शाम तक बरसात की संभावना बनी हुई थी। दरअसल, गत 12 मार्च को इलाके में 35 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था, जबकि रात के समय न्यूनतम तापमान भी 20 पर आ गया था। इसके बाद मौसम में बदलाव आया। सुबह-शाम ठंडी हवा चलनी शुरू हुई। बीच बीच में बूंदाबांदी भी हुई। वहीं बुधवार की देर शाम तो तेज आंधी के साथ बरसात शुरू हो गई। कुछ देर बाद बरसात तो थम गई लेकिन रातभर ठंडी हवा चलती रही। वीरवार की सुबह भी ठंडक महसूस हुई। हालांकि दोपहर को बीच-बीच में धूप निकली, लेकिन आसमान में बादल भी जाते रहे। देर शाम को पुनः बादल छाने से बरसात की संभावना बन गई। मौसम में आए बदलाव की वजह से बीते सप्ताह भर में आठ से दस डिग्री तापमान में गिरावट आई है।

### हरि नगर में फंदे पर लटका मिला शव

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के हरि नगर स्थित मकान में फांसी लगाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। फंदा लगाने का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 40 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है। बुधवार देर रात को उसका शव कमरे में फंदे पर लटका देखा गया। परिजनों की नजर गई तो संभाला, लेकिन देर हो चुकी थी। करीब डेढ़ बजे सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। परिजनों के बयान के बाद वीरवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई।

## ट्रक ड्राइवरों से रुपये छीनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली थाना क्षेत्र में पिछले साल हुए ट्रक ड्राइवरों से पैसे छीनने के मामले में पुलिस द्वारा एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दरअसल, बुलंदशहर के सतीश ने शिकायत दी थी कि राकेश और हबीब उसकी 22 टायर गाड़ी पर चालक हैं। हम तीनों गाड़ी लेकर आंध्रप्रदेश से ग्रेनाइट पत्थर भरकर चंडीगढ़ के लिए चले थे। बुपनिया गांव के पास केएमपी पर पहुंचे तो हमारी गाड़ी खराब हो गई। मैंने दोनों ड्राइवरों को कैबिन में सुला दिया और खुद बैठा रहा। रात करीब एक बजे तीन युवक बाइक लेकर आए। कैबिन की खिड़की खोलकर अंदर घुस गए। दो लड़कों ने मेरे व राकेश की कनपटी पर पिस्तौल लगा दी और गाड़ी में रखे पचास हजार रुपये और तीनों के मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए। इस मामले में कार्रवाई करते हुए बादली पुलिस ने अब सोनीपत निवासी राकेश को गिरफ्तार किया है।

### राज्यसभा चुनाव को लेकर बादली विधायक ने की प्रेसवार्ता

## कुछ नेता कर रहे पार्टी को बदनाम, राहुल गांधी को करेंगे शिकायत : कुलदीप वत्स

### कांग्रेस पार्टी छोड़ने से किया इनकार कहा- भूपेंद्र सिंह हुड्डा मेरे पिता समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों की क्रॉस वोटिंग और कुछ वोट कैंसिल होने के बाद राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कुलदीप वत्स ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते कहा कि अपनी ही पार्टी के कुछ नेता कांग्रेस को बदनाम करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ये नेता दिल्ली में कई-कई पदों पर बैठे हुए हैं और हरियाणा में पार्टी को कमजोर करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसे नेताओं पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी,तब तक कांग्रेस मजबूत नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार न बनने के पीछे ऐसे ही नेताओं की भूमिका रही है, जबकि जनता कांग्रेस को सत्ता में लाने के पक्ष में थी। उन्होंने कुछ नेताओं पर विधायकों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप भी लगाए और कहा कि इस पूरे मामले की सच्चाई जल्द ही राहुल गांधी के सामने रखेंगे। उन्होंने पार्टी संगठन में बदलाव की मांग करते हुए कहा कि हरियाणा में कई ईमानदार और मेहनती कार्यकर्ता हैं, जिन्हें आगे आने का मौका मिलना चाहिए।



उन्होंने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं, पार्टी छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा उनके लिए पिता के समान हैं और वह उनके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि वह मरते दम तक कांग्रेस में ही रहेंगे।

### जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने की छापेमारी

## घरेलू गैस का कर्मिशयल प्रयोग करने पर 11 सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम में शहर में विभिन्न स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान स्थानीय बस स्टैंड परिसर से घरेलू गैस सिलेंडरों का कर्मिशयल प्रयोग किए जाने पर 11 सिलेंडरों को जब्त किया गया। सहायक जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर रंजन यादव, इंस्पेक्टर अजय राठी, सब इंस्पेक्टर रीतू व सब इंस्पेक्टर अजय कबलाना की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर से घरेलू गैस सिलेंडरों का कर्मिशयल प्रयोग करने पर 11 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। इसलिए पैनिक खरीद से बचें और संयम से काम लें।



झज्जर। जब्त किए सिलेंडरों के साथ जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम।

### गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें

वीरवार सुबह से ही विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगी रही। व्यवस्था को बनाने के लिए पुलिस टीम तैनात की गई। लोग कई-कई घंटे तक लाइनों में लगे रहे। हालांकि प्रशासन की ओर से कहा जा रहा है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई किल्लत नहीं है। खास बात यह भी रही कि कई दिनों के बाद शहर में होम डिलीवरी वाली गाड़ियां भी विभिन्न गली मोहल्लों में घूमती हुई दिखाई दीं।

**शिक्षा** | जिले में आरटीई अधिनियम की अनुपालना को लेकर सख्ती

# 51 निजी विद्यालयों ने नहीं दी आरटीई की जानकारी, आज रात 11:59 तक का समय

- पोर्टल पर पहले से जमा आवेदनों को भी किया जा सकता है संशोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रदेश सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा आरटीई अधिनियम 2009 के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए निजी स्कूलों द्वारा सीट घोषणा प्रक्रिया की समयसीमा को बढ़ा दिया है। निदेशालय द्वारा जारी पत्र अनुसार, सीट घोषणा पोर्टल पर डेटा सबमिशन की अंतिम तिथि अब 20 मार्च की रात्रि 11:59 बजे तक बढ़ा दी गई है। यह निर्णय पोर्टल पर डेटा सबमिशन की समीक्षा के बाद लिया गया है, जिसमें पाया गया कि कई निजी स्कूलों ने अभी तक अनिवार्य जानकारी जमा नहीं की है। जिसमें जिले के 51 निजी विद्यालय शामिल हैं।

जिले में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की संख्या 366 है जिसमे से 315 ने जानकारी अपडेट कर दी है। निदेशालय ने सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिलों में निजी स्कूलों को तत्काल डेटा की समीक्षा, सत्यापन एवं सबमिशन सुनिश्चित करें। पोर्टल पर एडिट-अनलॉक सुविधा उपलब्ध है, जिससे पहले से सबमिट किए गए आवेदनों को संशोधित किया जा सकता है, लेकिन अंतिम सबमिशन अनिवार्य है। निदेशालय ने चेतावनी दी है कि केवल फाइनल सबमिटेड चिन्हित आवेदन ही स्वीकार्य होंगे जबकि अधूरे फॉर्म रद्द हो जाएंगे।

### नियम न मानने पर होगी कार्रवाई



जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने सभी निजी विद्यालयों से अपील की है कि वे तत्काल पोर्टल पर सीट घोषणा की जानकारी अपडेट करें। आरटीई अधिनियम गरीब और वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार दिलाता है। समयसीमा का लाभ उठाते हुए सटीक डेटा सबमिट करें,ताकि अभिभावक बिना किसी बाधा के इस प्रक्रिया का लाभ ले सकें। नियमों की अनुपालना न करने वाले विद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ये रहेगा शेड्यूल

बीस मार्च तक निजी स्कूलों द्वारा सीट घोषणा के बाद 23 से 29 मार्च तक डीईईओ द्वारा सत्यापन किया जाएगा। 1 अप्रैल से 6 अप्रैल तक सत्यापित स्कूल सूची बनाई जाएगी, जिसके बाद 9 अप्रैल तक अभिभावकों से आवेदन लिए जाएंगे। उसके उपरांत 16 से 20 अप्रैल तक लाटरी परिणाम व स्कूल आवंटन कार्य चलेगा। 21 अप्रैल से 30 अप्रैत तक स्कूलों में प्रवेश लिया जा सकेगा। 1 मई से 5 मई तक वेटिंग लिस्ट जारी की जाएगी।



विशेषः विश्व गौरैया दिवस, 20 मार्च

# आओ बनें गौरैया के दोस्त

बच्चो, गौरैया एक छोटी-सी प्यारी चिड़िया है, जो कभी हर घर-आंगन में फुदकती देखी जाती थी। इसकी 'चीं-चीं' की आवाज बहुत भाती है। लेकिन कई कारणों से अब यह चिड़िया कम ही दिखती है। हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से नन्ही गौरैया को फिर से घर-आंगन की रौनक बना सकते हैं।

पक्षी जगत
शिखर चंद जैन



एक समय था, गौरैया 'चीं-चीं' करते हुए हर जगह दिखाई देती थी, लेकिन अब यह लुप्त सी हो गई है। आजकल बहुत कम नजर आती है। गौरैया बनी रहे, इनकी चहचहाट सुनाई देती रहे, इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है।

**ऐसे हुई विश्व गौरैया दिवस की शुरुआतः** वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली भारतीय संस्था नेचर फॉरएवर सोसायटी के फाउंडर मोहम्मद दिलावर, गौरैया की घटती हुई संख्या से चिंतित हुए। वर्ष 2010 में उन्होंने फ्रांस की ईको-सिस एक्शन फाउंडेशन के साथ मिलकर 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने की शुरुआत की। शहरीकरण, मोबाइल रेडिएशन और कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल के कारण घटती गौरैया की आबादी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और गौरैया के संरक्षण को बढ़ावा देना ही इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है।

**हमारी फ्रेंड जैसी गौरैयाः** पुराने समय में गौरैया घर के सदस्य जैसी हुआ करती थी। वह दादी की रसोई से दाना चुगती थी, आंगन में दादाजी के पास आकर बैठ जाती थी, छत पर अनाज सूखते तो गौरैया झुंड बनाकर आतीं, इधर-उधर फुदक-फुदक कर दाने चुगती रहतीं! बच्चो, सोचो जरा, गौरैया की ये हरकतें कितनी मनभावन होती होंगी! लेकिन आज हमारे घरों में पहले की तरह गौरैया नहीं आतीं, लुभावने दृश्य देखने को नहीं मिलते हैं।

**क्यों दूर हो गई गौरैयाः** बच्चो, हमारी प्यारी नन्ही दोस्त गौरैया की घटती संख्या और हमसे दूर होने के कई कारण हैं- जैसे-जैसे पेड़-पौधे कटने लगे, शहरीकरण होता गया, लोगों के रहन-सहन बदलने लगे, वैसे-वैसे हमारी ये नन्ही फ्रेंड हमसे दूर होती चली गई। अब घरों में झरोखे और रोशनदान नहीं होते, जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके। अब ये बेचारी घरों में घुस तक नहीं सकती। एसी मशीनों की गर्म हवा और प्रदूषण ने इस नन्ही-सी जान का जीना मुश्किल कर दिया है।

हम अपने गार्डन, बालकनी में विदेशी शो पीस जैसे प्लांट लगाते हैं, जिनमें छोटे कीड़े नहीं होते। जबकि गौरैया के बच्चे हमारे देसी पेड़-पौधों पर पाए जाने वाले नन्हे कीड़ों को खाते है, जिससे उसे पोषण मिलता है। अब घरों में खेत से आने वाले गेहूं, चावल या अन्य अनाजों की जगह बंद पैकेट्स में रेडिमेड अनाज आते हैं, जिससे गौरैया को दाना मिलना बंद हो गया। इन सबके अलावा मोबाइल टावर्स से निकलने वाले रेडिएशन से भी गौरैया के जीवन को खतरा होता है।

**कैसे हो गौरैया की घर वापसीः** बच्चो, हम कुछ छोटे-छोटे प्रयासों से गौरैया को फिर से अपने घरों में बुला सकते हैं। आओ बच्चो, हम आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर गौरैया के सच्चे दोस्त बनें और उसे वापस बुलाने के लिए, कुछ छोटे-छोटे मगर प्रभावी कदम उठाएं।

**खोलो देसी चिड़िया ढाबाः** अपनी बालकनी या छत पर मिट्टी के एक बर्तन में साफ पानी और दूसरे बर्तन में बाजरा, कंगनी या टूटे हुए चावल रखो।

**बनाओ उसका अपार्टमेंटः** चिड़िया को छांव और आश्रय देना भी जरूरी है। आजकल बाजार में तरह-तरह के बर्ड हाउस, नेस्ट, बर्ड फीडर आदि मिलते हैं। तुम चाहो तो जूते के पुराने डिब्बे में एक छोटा छेद करके उसे किसी सुरक्षित और ऊंची जगह पर लटका सकते हो, गौरैया इसमें रह सकेगी। इस डिब्बे को तुम कलर पेपर से सजाकर और भी अट्रैक्टिव बना सकते हो।

**गौरैया के लिए हरियालीः** घर की खिड़की, बालकनी या छत पर गेंदा, चमेली या नीबू जैसे देसी पौधे लगाने चाहिए। इन पर आने वाले छोटे कीट गौरैया के बच्चों का पसंदीदा भोजन होते हैं।

**कीटनाशकों को 'नो' कहेंः** अपने पौधों पर जहरीले कीटनाशक का छिड़काव नहीं करना चाहिए। इससे गौरैया बीमार पड़ सकती है।

बच्चो, तुम्हारे इन छोटे-छोटे प्रयासों का बहुत ही सकारात्मक असर होगा। सोचो, कितना अच्छा लगेगा जब सुबह तुम्हारी नींद अलार्म से नहीं, बल्कि गौरैया की 'चीं-चीं' से खुलेगी! गौरैया को बचाने का मतलब सिर्फ एक पक्षी को बचाना नहीं है, बल्कि अपनी प्रकृति और खुशियों को भी बचाना है। *

### प्यारी और अनूठी गौरैया

बच्चो, गौरैया से जुड़े कुछ और भी रोचक तथ्य हैं, जो तुम्हें जरूर जानने चाहिए, जैसे-



**नहाने की शौकीनः** गौरैया को नहाना बहुत पसंद है। यह पानी में भी नहाती है और धूल में भी। यह जब धूल में मस्ती करती है तो इसे धूल-स्नान या डस्ट-बाथ कहते हैं।
**ईको-फ्रेंडलीः** यह छोटे-छोटे कीड़ों को खाकर हमारे पेड़-पौधों को बीमारियों से बचाती है।

कविता / राम नरेश 'उज्ज्वल'

### मेरे घर आती गौरैया

मेरे घर आती गौरैया
घर भर को भाती गौरैया।
तिनका-तिनका जोड़-जोड़ कर,
कागज-पत्तर तोड़-मोड़ कर,
बना लिया उसने अपना घर,
कितना प्यारा, कितना सुंदर,
आंगन में मां दाने रखती,
बीन-बीन खाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
जंगल झाड़ी में भी जाती,
ढूंढ़-ढूंढ़ कर दाने लाती,
भूखे बच्चे मुंह फैलाते,
अपनी मां से भोजन पाते,
अपने नन्हे बच्चे को भी,
कभी-कभी लाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
झुंड बनाकर उड़ती ऊंचे,
टहल घूम कर आती नीचे,
पानी पीती घर के नल से,
पता नहीं क्या कहती जल से,



चीं-चीं चूं-चूं दिन भर करती,
सबको बहलाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।

विशेषः विश्व जल दिवस (22 मार्च)

बच्चो, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का 2.5-3% हिस्सा ही ताजा जल है। विश्व में एक देश ऐसा है, जहां ताजे पानी की सर्वाधिक उपलब्धता है। कौन-सा है वह देश और किन कारणों से वहां उपलब्ध है सर्वाधिक ताजा जल, जानो।

# इस देश में उपलब्ध है सर्वाधिक साफ-ताजा जल

यह भी जानो
नयनतारा



ताजे पानी की सबसे बड़ी झील-सुपीरियर लेक

बच्चो, जल के बिना किसी का भी जीवन संभव नहीं है। लेकिन हमारे लिए उपयोगी ताजा जल पृथ्वी पर बहुत सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमारी पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल राशि का बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही ताजा जल है। यह ताजा जल नदियों, झीलों, ग्लेशियरों और जमीन के अंदर से मिलता है। सभी देशों के पास ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसीलिए ताजे जल को बर्बाद करने से हम सभी को बचना चाहिए।



ह्यूरॉन लेक भी है कनाडा में ताजा पानी का स्रोत

**कम हो रहा ताजा पानीः** हालांकि पृथ्वी का तीन-चौथाई हिस्सा जल है, लेकिन इसका बहुत कम हिस्सा ही इस्तेमाल करने योग्य यानी ताजा पानी है। चिंताजनक बात यह है कि ताजे पानी की उपलब्धता दिनों-दिन कम होती जा रही है। इसकी कई वजहें हैं, जैसे- झीलों, नदियों से लेकर समुद्रों तक को प्रदूषित किया जा रहा है। लोग पानी को बहुत बर्बाद भी करते हैं।

**यहां है सर्वाधिक ताजा जलः** संयुक्त राष्ट्र एवं वर्ल्ड बैंक के डाटा के अनुसार संसार में जो कुल ताजा पानी है, उसका पांचवां हिस्सा यानी 20 प्रतिशत अकेले कनाडा देश में उपलब्ध है। अब तुम सोच रहे होगे कि अकेले कनाडा में इतना अधिक स्वच्छ जल कैसे उपलब्ध है? इसकी प्रमुख वजह है वहां बड़ी संख्या में मौजूद झीलें।

**मौजूद हैं कई बड़ी झीलेंः** कनाडा ताजा जल की दृष्टि से बहुत ही समृद्ध देश है। यहां 2 मिलियन से भी अधिक झीलें मौजूद हैं, जिनमें से अधिकतर हजारों साल पहले ग्लेशियरों के सिकुड़ने की वजह से बनी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील सुपीरियर झील, कनाडा में ही स्थित है। विनिपेग झील भी कनाडा में स्वच्छ, ताजे पानी का एक बड़ा स्रोत है। इनके अलावा यहां ग्रेट बीयर लेक, ग्रेट स्लैव लेक, अथाबास्का लेक, ह्यूरॉन लेक जैसी कई लेक्स हैं, जो कनाडा को साफ-स्वच्छ ताजा जल की उपलब्धता की दृष्टि से समृद्ध बनाती हैं।

**भारत का स्थानः** दुनिया के अन्य देशों में ताजे पानी की उपलब्धता तो है, लेकिन यह कनाडा की तुलना में बहुत ही कम है। ताजे पानी की उपलब्धता के मामले में कनाडा के बाद ब्राजील, रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान आता है। यानी अपने देश में भी ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसलिए बच्चो, तुम स्वयं पानी की बर्बादी कभी मत करना और दूसरों को भी पानी बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## अच्छी-प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' की बाल कहानियों की किताब 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इन कहानियों में तुमको कहीं जानकारी मिलेगी तो कहीं सीख मिलेगी। लेकिन इनको ऐसे रोचक अंदाज में लिखा गया है कि पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा। पहली कहानी 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' में तुमको यह पता चलेगा कि विभिन्न ग्रहों पर अलग-अलग गुरुत्वाकर्षण के कारण कैसे भार में अंतर महसूस होता है? जलवायु परिवर्तन कैसे मौसम के चक्र को बिगाड़ रहा है, इस विषय पर 'बिन मौसम' कहानी सचेत करती है। 'दाने दाने पर लिखा होता है खाने वाले का नाम' इस मुहावरे पर आधारित मजेदार कहानी है 'नाम नहीं'। इनके अलावा किताब में स्वतंत्रता दिवस, होली, दीपावली, नए साल और ईद जैसे त्योहारों पर केंद्रित कहानियां भी प्रेरित करने वाली हैं। अन्य कहानियां 'एकता में बल है', 'गर्मी की छुट्टियां', 'सारे जग से न्यारी मम्मी' भी बहुत अच्छी-प्यारी हैं। *



**किताबः** चंद्रलोक की थुलथुल परी, **लेखकः** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय', **मूल्यः** 225 रुपए, **प्रकाशकः** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली

### हंसगुल्ले




**चिंटू-मिंटू** फुटबॉल मैच देख रहे थे।
**चिंटूः** अरे, इतने सारे लोग फुटबॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
**मिंटूः** गोल करने के लिए।
**मिंटूः** लेकिन फुटबॉल तो पहले से ही गोल है। इसे और कितना गोल करेंगे?
-आशीष, रायपुर

**हिंदी टीचरः** 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोहनः** जैसे ही मैंने नल की टोटी में मुंह लगाकर नल चालू किया, मेरे मुंह में पानी आ गया।
-करण, बिलासपुर

एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े भोलू से पूछा, 'बेटा ये कौन-सा स्टेशन है?'
**भोलूः** अंकल, ये रेलवे स्टेशन है।
-कुसुम, भोपाल

### जीके क्विज-197

1. भारत का दूसरा पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश कौन बना है?
2. फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन किन देशों में किया जाएगा?
3. अगले महीने किस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे?
4. हाल में 16 साल की उम्र में भारत के 94वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
5. सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. विश्व रंगमंच दिवस कब मनाया जाता है?
8. पानी में हाइड्रोजन के अलावा कौन सा तत्व मौजूद होता है?
9. पेनिसिलीन की खोज किसने की थी?
10. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-197 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-196 का उत्तर :** 1.तरनजीत सिंह संधू, 2.न्यूजीलैंड, 3.आरव डेंगला, 4. 22 मार्च, 5.सारनाथ, 6.थिंपू, 7.राजा राममोहन राय, 8.राज्य सभा, 9.मिल्खा सिंह, 10.शनि

**जीके क्विज-196 का सही उत्तर देने वाले :** शुभ-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कुलमनी-ईमेल से, कबीर-हिसार, सुनीता-सीतापुर, नीटू-रायगढ़, कुसुम-भोपाल, अंकुश-रायपुर, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बलौदा बाजार

कहानी

डॉ. मोहम्मद अरशद खान


नन्हे अरशान ने पहला रोजा रखा तो उसे लोगों ने मुबारकबाद के साथ तोहफे और पैसे भी दिए। अरशान को ईद के दिन ईदी के भी खूब पैसे मिले। लेकिन अभी उसे और पैसे चाहिए थे। पापा ने उसे डांटा, यह लालच सही नहीं है, इतने पैसे क्यों बटोर रहे हो? अरशान ने जब इसकी वजह बताई तो परिवार के लोग सन्न रह गए!

## अरशान की ईद

इस बार का रमजान अरशान के लिए खास था। उसने पहली बार रोजा रखा था। वह छोटा था, इसलिए अम्मी डर रही थीं। बारह-तेरह घंटे बिना कुछ खाए-पिए इबादत में लगे रहना बड़ों के लिए भी आसान नहीं था, और वह तो अभी आठ-नौ साल का बच्चा था। पर उसने ऐसी जिद ठानी कि मम्मी ने इजाजत दे दी। शाम को इफ्तार पार्टी हुई। रिश्तेदार, मुहल्ले के लोग और दोस्त-अहबाब आए। सबने अरशान को मुबारकबाद दी और पहला रोजा रखने की खुशी में तोहफे और पैसे दिए। अरशान की गुल्लक भर गई। उसे पहली बार इतने पैसे मिले थे, लेकिन वह खुश नहीं था। वह बार-बार नोटों को गिनता, उन्हें गुल्लक में तरतीब से जमाता और किसी चिंता में डूब जाता।

ईद का दिन आया तो परिवार के सब लोग नमाज पढ़ने गए। नमाज के बाद वे मेले में घूमे। मेले में खाने-पीने और खिलौनों की दुकानें लगी हुई थीं। अरशान को उसमें कोई रुचि नहीं थी। वह जल्दी से जल्दी घर पहुंचना चाहता था, ताकि सबसे अपनी ईदी वसूल सके। रास्ते में भीड़ थी। गाड़ी धीरे-धीरे चल रही थी। अरशान पूरे रास्ते बेचैन रहा। घर पहुंचते ही उसने दादा-दादी और मम्मी-पापा से ईदी वसूल की और फिर अपनी बड़ी बहन आलिया के पास आया। उससे बोला, 'अप्पी, आप भी ईदी दीजिए न।' 'मैं!' आलिया हैरानी से बोली।

'सब बड़े अपने से छोटों को ईदी देते हैं न!' अरशान तुरंत बोला। पास बैठे दादा जी ने सुना तो वह हंसने लगे। आलिया के हाथ पर सौ का नोट रखते हुए बोले, 'बात तो अरशान सही कह रहा है। लो, तुम भी उसे ईदी दे दो।' 'लालची कहीं का।' बड़बड़ाते हुए आलिया ने बेमन से उसके हाथों में ईदी रख दी। थोड़ी देर बाद अस्थाना अंकल घर आए। वह पड़ोस में रहते हैं। उन्होंने दादा जी के पैर छुए और गले मिलकर ईद की बधाइयां दीं। फिर सिवइयां और पकवान खाने लगे।



तभी अरशान आया और बोला, 'अंकल, नमस्ते! आपने मुझे ईदी नहीं दी?' अरशान के इस व्यवहार से मम्मी-पापा असहज हो गए, लेकिन अस्थाना अंकल हंसते हुए बोले, 'नमस्ते बेटा, खुश रहो.. । मैं भी कितना गड़बड़ आदमी हूं। भर-भरकर सिवईं खाए जा रहा हूं और ईदी देना भूल ही गया।' यह कहकर उन्होंने पर्स से पैसे निकाले तो दो नोट बाहर आ गए। उन्होंने दो सौ का नोट पर्स के अंदर रखते हुए सौ का नोट अरशान की ओर बढ़ाया और बोले, 'लो भई, अपनी ईदी।'

'अंकल वो दो सौ वाला नोट दे दीजिए न।' अरशान इठलाता हुआ बोला।

पापा की भौंहें गुस्से से तन गईं। अस्थाना अंकल जोरदार ठहाका लगाते हुए बोले, 'लो भई, वह नोट भी रखो और यह भी। अब जाओ अपनी अप्पी को भी भेजो। वर्ना उसे ईदी देने दोबारा आना पड़ेगा और तुम्हें फिर से सिवईं खिलानी पड़ेगी।' कहकर वह जोरों से हंसे। अस्थाना अंकल के जाते ही पापा गुस्से से फट पड़े, 'यह क्या तरीका है। मेहमान से ऐसे बात की जाती है? अस्थाना जी की जगह कोई होता तो बुरा मान जाता।'

'आपको नहीं पता, पापा। ये जनाब मुहल्ले में घर-घर ईदी मांगकर आए हैं।' आलिया ने बताया। पापा का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। दादा-दादी और अम्मी भी नाराजगी भरी निगाहों से उसकी ओर देखने लगे। पापा ने उसे खूब डांट पिलाई और बोले, 'अजब लालची बच्चा है। अभी रोजा कुशाई में ढेर सारे पैसे मिले हैं। अब ईदी समेटने पर जुटा है। पूरे मुहल्ले में हंसी उड़वा दी।'

पापा ने अरशान से गुल्लक मंगाकर पैसे गिने। गिनते-गिनते उनकी त्योरियां चढ़ गईं, 'पूरे अट्ठारह सौ पचास रुपए हैं। ये भी तुम्हें कम लग रहे हैं?' 'हां, अभी चार सौ रुपए कम हैं।' अरशान बुझी-सी आवाज में बोला। इस जवाब पर सब हैरानी से उसकी ओर देखने लगे। 'दरअसल.!' अरशान डरते-डरते बोला, 'मेरा एक क्लासमेट है शलभ। पिछले बरस उसके पापा नहीं रहे। स्कूल के खर्चों की वजह से मम्मी उसका नाम कटाना चाहती हैं। पर हम सब दोस्तों ने उन्हें मना लिया है। हमने तय किया है, कोई दोस्त किताबें खरीद कर देगा तो कोई कॉपियां और कोई स्कूल बैग। कोई ड्रेस लाकर देगा। मैं उसकी फीस जमा करने की सोच रहा हूं, लेकिन अभी इतने पैसे ही नहीं इकट्ठा हो पाए।' अरशान की बात सुनकर सब लोग सन्न रह गए। अचानक पापा को जाने क्या हुआ कि वे कड़क आवाज में बोले, 'लो, इन पैसों को गुल्लक में वापस रखो। इनसे किसी की फीस-वीस नहीं भरी जाएगी।' पापा की बात पर अरशान डर गया। दादा जी, मम्मी और आलिया का दिल भी धक से रह गया। तभी सबने पापा की ओर देखा तो उनके चेहरे पर मुस्कराहट खिली हुई थी। वह बोले, 'अरे भई! अब आगे से तुम्हारे दोस्त की पढ़ाई का सारा खर्चा मैं उठाऊंगा।' अरशान खुशी से चहक उठा। ईद तो हर बार आती थी, पर इस बार की ईद अरशान के लिए बहुत ज्यादा खुशियों भरी थी। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



### ईद मुबारक

यह सुंदर त्योहर ईद का,
सब लोगों को ईद मुबारक!
आसमान में निकला चांद,
ईद मन रही उसके बाद।
हम सब बच्चे ईदी पाते,
मीठी-मीठी सेंवई खाते।
इस प्यारे दिन के क्या कहने?
नए-नए कपड़े सब पहने,
कहते सबसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!
मस्जिद में सब पढ़ें नमाज,
हंसी-खुशी का दिन है आज।
जो भी मिलता गले लगाते,
रोजे के किस्से बतियाते।
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
सब मिलकर दे रहे बधाई।
कहते हमसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!

### अंतर बताओ


बच्चो, यहां ईद सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में कुछ अंतर भी हैं। तुम तीन मिनट के अंदर इन चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़ कर बताओ।




उत्तरः 1.दाईं तरफ सोफे के पीछे से सारे बैलून गायब है। 2.बच्चे के हाथ में जो गिफ्ट पैक है, उसके रिबन का कलर बदला हुआ है। 3.बाईं तरफ विंडो कर्टेन का ज्यादा हिस्सा दिख रहा है। 4.टेबल पर रखे टिश्यू पेपर बॉक्स का कलर बदला हुआ है। 5.पीछे दो हैंगिंग लाइट्स के कलर्स बदले हुए हैं।

### सही परछाई पहचानो

बच्चो, यहां नन्ही गौरैया का एक चित्र दिया गया है। साथ ही चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि गौरैया के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तरः B

# सिवाना माइनर टूटने से कई एकड़ फसल जलमग्न, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के सिवाना-सांगाहेडा माइनर टूटने के कारण क्षेत्र में करीब 25 से 30 एकड़ गेहूं की तैयार फसल जलमग्न हो गई। माइनर टूटने से प्रभावित हुए किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। किसानों के अनुसार यह माइनर कई वर्षों से जर्जर हालत में है। इसकी मरम्मत को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बीते दिनों अधिक दबाव के साथ पानी छोड़े जाने के कारण नहर अचानक टूट गई और देखते ही देखते खेतों में पानी भर गया। कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं की फसल कुछ ही घंटों में बर्बाद हो गई।



■ सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर माइनर की मरम्मत न करने का लगाया आरोप

किसानों का कहना है कि जब फसल को सिंचाई की आवश्यकता होती है, तब उन्हें पानी के लिए जूझना पड़ता है। ऊपर के गांवों में मोटर व पाइप लगाकर पानी खींच लिया जाता है, जिससे आगे के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता। दूसरी ओर जब पानी छोड़ा जाता है तो बिना नियंत्रण के अत्यधिक मात्रा में छोड़ा जाता है, जिससे इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते नहर की मरम्मत कर दी जाती या पानी का दबाव नियंत्रित किया जाता, तो इस नुकसान टाला जा सकता था। नहर टूटने के बाद गांव के लोग खुद ही बोरी और ईंटों की मदद से पानी रोकने का प्रयास करते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोपी को जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई है। थाना प्रबंधक जयभगवान के अनुसार, बराही रोड निवासी मनजीत ने शिकायत दी थी कि उसने अपनी मोटरसाइकिल होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में खड़ी की थी। वापस लौटने पर बाइक गायब मिली। शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपी अमित निवासी गढ़ी सांपला को काबू किया गया। आरोपी से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ पहले भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। चोरों के लगातार हौसले बुलंद होते जा रहे है। गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

*38वीं इंटर पॉलिटेक्निक खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन*

# जैवलिन थ्रो में अनीश व लॉन्ग जंप में सिद्धार्थ ने बाजी मारी

30 राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के करीब 500 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। हैमर थ्रो प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

गुरु गोरखनाथ राजकीय बहुतकनीकी में आयोजित तीन दिवसीय 38वीं इंटर-पॉलिटेक्निक खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 30 राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों से करीब पांच सौ खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वीरवार को आयोजित खेल स्पर्धाओं में 400 मीटर दौड़, 100 मीटर हर्डल रेस, ट्रिपल जंप, हैमर थ्रो, शॉट पुट, हाई जंप तथा लॉन्ग जंप के मुकाबले कराए गए। जिसमें जैवलिन थ्रो लड़कों की प्रतिस्पर्धा में अनीश जीपी सांगी पहले स्थान पर, अनिल जीपी सिरसा द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर सूरज जीपी छपार रहे। लॉन्ग जंप लड़कों की प्रतिस्पर्धा में सिद्धार्थ जीपी भिवानी पहले स्थान पर, दीपक जीपी सोनीपत द्वितीय स्थान पर तथा देवेंद्र जीपी चीका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। संस्थान के प्राचार्य दिगपाल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आदित्य चौटाला ने कार्यकर्ताओं को दिया युवा सम्मेलन का न्योता



*झज्जर। शहीदी दिवस 23 मार्च को नरवाना में आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन को लेकर विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला ने वीरवार को स्थानीय इनेलो कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए उन्हें युवा सम्मेलन में भाग लेने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि वे जोर-शोर से युवा सम्मेलन में भाग लेते हुए जिले की भागीदारी सुनिश्चित करें। इस दौरान युवा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। उन्होंने राज्यसभा चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राजनीति में नैतिकता खत्म होती जा रही है। राज्यसभा चुनाव के दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी ही पार्टी के विधायकों को बेचने का काम किया, जिससे लोकतंत्र कमजोर हुआ। उन्होंने कहा कि 37 विधायकों वाली पार्टी के केवल 28 वोट ही सामने आए, बाकी कहां गए यह सोच का विषय है। वहीं भाजपा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी पूंजीपतियों और धनाढ्य लोगों की पार्टी बन चुकी है।*

## सिलेंडर न मिलने से रेहड़ी वालों के सामने आया रोजगार का संकट

**बहादुरगढ़।** कमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से होटल-ढाबा संचालक व खाने पीने की वस्तु बेचने वाले अन्य दुकानदार बेहद परेशान हैं। खाने की वस्तु बनाने के लिए भट्ठी चलाना इनके लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। कुछ दुकानदार जैसे-तैसे अपने काम में घरेलू सिलेंडर इस्तेमाल कर रहे हैं तो उनमें छापेमारी का डर बना रहता है। हाल ही में प्रशासन की कार्रवाई में कई होटलों व अन्य प्रतिष्ठानों से सिलेंडर जब्त किए गए हैं। हलवाई का कार्य करने वाले संजय ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर मिल नहीं रहे और मजबूरी में घरेलू सिलेंडर पर काम करें तो छापे लग रहे हैं। अधिकारी आकर सिलेंडर जब्त कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हम काम कैसे चलाएं। दुकान पर कारीगरों की तनख्वाह निकालनी मुश्किल हो गई है। बहादुरगढ़ में तो प्रदूषण की स्थिति भी गंभीर रहती है। इसलिए डीजल व कोयले की भट्ठियां लगाएंगे तो प्रदूषण का हवाला देकर काम रुकवा दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में करें तो क्या करें। रेहड़ी लगाने वाले आरभ ने कहा कि उनका काम बेहद निचले स्तर का होता है। दिनभर में थोड़ी बहुत कमाई होती है। ऐसी स्थिति में कोई दूसरा विकल्प करने से बेहतर है कि कुछ दिन के लिए काम ही बंद कर दिया जाए। लेकिन काम नहीं करें तो परिवार का पोषण कैसे करें।

## हवन में आहुति डालकर की सर्व मंगल की कामना



*झज्जर। किड्ज शैशव ग्रुप ऑफ स्कूल्स के तिरंग इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को हवन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। हवन कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर उषा गहलोत, प्राचार्या नीलम, आरती शर्मा व दीपिका नांदल ने विद्यालय स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर हवन में आहुति डाली और सुख-समृद्धि की कामना की। आचार्य वीरेंद्र द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न कराया गया। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को हवन के धार्मिक सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और मन में सकारात्मक विचारों का संचार होता है। डायरेक्टर उषा गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, अनुशासन एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करते हैं।*

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आकाश रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ राजकीय महाविद्यालय दुजाना में वित्तीय साक्षरता विषय पर प्रतियोगिता

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में वीरवार को वाणिज्य विभाग द्वारा सभी के लिए वित्तीय साक्षरता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. अनिल कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें धन प्रबंधन, बचत, निवेश और बजट बनाने के महत्व से परिचित कराना रहा। वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बचत की आदत, डिजिटल भुगतान की सुरक्षा, निवेश के सही तरीकों और आर्थिक योजना जैसे विषयों को सुंदर चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से दर्शाया। प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष से आकाश ने प्रथम, बीकॉम तृतीय वर्ष के गुरु प्रसाद ने द्वितीय व बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा जन्नत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. अनिल कुमारी, डॉ. सुनीता, डॉ. सिल्की जैन, डॉ. सुमित नरवाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

# शैक्षणिक भ्रमण के दौरान किया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण

■ एमए भूगोल के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के पालमपुर का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में एमए भूगोल के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के पालमपुर तहसील के गांव कुरल एवं भेरी का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया। दरअसल वे प्राध्यापक डॉ. विजय सिंह, निशा मलिक तथा डॉ. बेबी के मार्गदर्शन में वहां शैक्षणिक भ्रमण पर गए हुए हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पहलुओं का गहन अध्ययन किया। उन्होंने चामुंडा देवी मंदिर, भगसू जलप्रपात, मैक्लोडगंज, धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम, बृजेश्वरी माता मंदिर, चाय बागानों, बैजनाथ मंदिर, साइंस सेंटर पालमपुर तथा वन विहार का भी भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन स्थानीय शिक्षक कुलदीप डोगरा के सहयोग से संभव हुआ।



बहादुरगढ़। पालमपुर साइंस सेंटर में बादली कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य 1 से 30 मई तक किया जाएगा

# 34 फील्ड ट्रेनर किए जा रहे प्रशिक्षित

■ फील्ड ट्रेनर की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि यही प्रशिक्षक आगे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित करते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश भर में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वीरवार से जनगणना विभाग द्वारा तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हो चुका है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके आधार पर सरकार की नीतियां और विकास योजनाएं तय होती हैं। जनगणना 2027 के लिए 34 फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षित किए जा रहे। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनर की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि यही प्रशिक्षक आगे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को जनगणना पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। जिससे लोग स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात दूसरे चरण में फरवरी 2027 के दौरान जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। प्रथम चरण के बाद प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण चार्ज स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य पूरी तरह व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# दोस्तों ने पहले शराब पिलाई फिर जमकर पिटाई की

■ गांव के दो लोगों पर मारपीट करने का आरोप, पुलिस ने केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सासरौली में एक व्यक्ति ने गांव के दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में शमशेर ने बताया कि वह बीती पन्द्रह मार्च की रात करीब नौ बजे गांव के चौक पर केले खरीदने पहुंचा था। वहां पर गांव के ही दो युवकों ने उससे शराब पीने की बात कही तो वह उनके साथ एक खेत में चला गया। कुछ देर बाद जब वह घर जाने लगा तो दोनों ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट करके बेहोश कर दिया। इसके बाद वह सुबह साढ़े चार बजे जब होश में आया और घर पहुंचा तो परिजन उसे जमालपुर के अस्पताल लेकर पहुंचे।

जहां चिकित्सकों द्वारा उसे प्राथमिक उपचार के बाद स्थानीय नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। जब यहां भी तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय आजाद नगर रहा प्रथम



झज्जर। राजकीय माध्यमिक विद्यालय आजाद नगर का फाइल फोटो।

**झज्जर।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में मातनहेल ब्लॉक के राजकीय माध्यमिक विद्यालय आजाद नगर को प्रथम स्थान मिला है। विद्यालय के मुखिया बिजेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय का निरीक्षण बीते फरवरी माह में एडीसी एवं जिला स्तरीय शिक्षा समिति द्वारा किया गया। निरीक्षण टीम ने विद्यालय की कार्यप्रणाली, स्वच्छता व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, विद्यालय परिसर, मंच, कार्यालय एवं मिड-डे मील सहित सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करने के बाद प्रथम स्थान दिया। इस उपलब्धि पर उन्होंने विज्ञान अध्यापिका प्रोमिला के प्रयासों की सराहना करते हुए एसएमसी सदस्यों, स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी।

### कच्चा बाबरा रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ



झज्जर। नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** नगर परिषद द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए विभिन्न मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को वार्ड नंबर सात के कच्चा बाबरा रोड पर नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नगर परिषद शहरवासियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर की सड़कों पर जहां लाखों रुपये की लागत से लाइटें लगाकर सड़क मार्गों को जगमग बनाया जा रहा है वहीं नगर परिषद सीमा में आने वाली विभिन्न जर्जर गलियों व सड़कों को उखाड़कर उन्हें फिर से बनाया जा रहा है। इस मौके पर वार्ड नंबर सात से पार्षद दिनेश यादव, नगर पार्षद जयपाल सिंह बांगड, पार्षद प्रतिनिधि नवीन छाबड़ा, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केशव सिंघल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### रतन टाटा सिटी फॉरेस्ट में लगाए पौधे



बहादुरगढ़। रतन टाटा फॉरेस्ट में पहुंचे टाटा समूह के अधिकारी व स्टाफ सदस्य।

**बहादुरगढ़।** पर्यावरण प्रेमियों की ओर से रोहतक-दिल्ली रोड पर विकसित किए गए रतन टाटा सिटी फॉरेस्ट में वीरवार को टाटा वेल्यू होम कंपनी के अधिकारियों और स्टाफ ने शिरकत की। अधिकारियों ने रतन टाटा के नाम पर बनाए गए इस फॉरेस्ट की खूबसूरती निहारी और खुशी जताई। इस दौरान क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मिलकर परिसर में गुड़हल, अनार, अमरूद आदि के लगभग 50 पौधे लगाए। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पर्यावरण प्रेमियों ने काफी सराहनीय कार्य किया है। भविष्य में वे भी इस मुहिम से जुड़कर यहां पर्यावरण संरक्षण पर जोर देंगे।

### ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को जागरूक करते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** पुलिस की ओर से वीरवार को गांव जसोरखेड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक सत्य प्रकाश के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों को डायल 112, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति के विषय में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया गया। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई। टीम ने बताया कि नियमों की अनदेखी न केवल दुर्घटनाओं का कारण बनती है, बल्कि जान-माल के नुकसान का जोखिम भी बढ़ाती है। इसके साथ ही नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि यह व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। कार्यक्रम के अंत में लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की शपथ दिलाई गई।

### भाविप ने किया हवन व भंडारा



**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद की बहादुरगढ शाखा की ओर से गणपति कंप्यूटर केंद्र पर नव वर्ष के उपलक्ष्य में विधि विधान से हवन करवाया गया। भाविप सदस्य मुकेश बंसल और स्वीटी बंसल मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी और जिला समन्वयक सतीश शर्मा ने हिंदू नव वर्ष की स्थापना के बारे में विस्तार से बताया। शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता और सचिव विजय पुन्हानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार नव वर्ष मनाने की सीख दी। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा और प्राचार्य डॉ. कुलदीप जून ने भी हिंदू नववर्ष का महत्व समझाया। हवन के उपरांत गणपति कंप्यूटर की तरफ से प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष हरीश बजाज, विरेंद्र कौशिक, रमेश सुखीजा, दीपेश राठी, डॉ. संजीव कुक्कल, सरपंच जयभगवान शर्मा, अशोक पुन्हानी, एडवोकेट दीपक पंवार, नारायण लखोटिया, विनोद गिरधर व सुरजीत घावरी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### युवा सम्मेलन को लेकर इनेलो की बैठक कल

**बहादुरगढ़।** नरवाना में शहीदी दिवस पर होने वाले इनेलो के राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर 21 मार्च को बहादुरगढ़ में बैठक होगी। इनेलो के जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट विपिन प्रधान ने बताया कि दिल्ली-रोहतक रोड स्थित इनेलो कार्यालय में 21 मार्च को होने वाली बैठक में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चर्चा करेंगे।

### गांव रोहद में युवक पर हथियारों से किया हमला

**बहादुरगढ़।** रोहद में रास्ता रोककर युवक से मारपीट किए जाने का मामला समाने आया है। गांव के निवासी युवक व उसके दादा पर कुल्हाड़ी और जेली के साथ हमला करने का आरोप है। रोहद के मनीष का कहना है कि रात को वह दूध लेने दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव का निवासी युवक और उसका दादा मिल गए। रास्ता रोककर दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक के हाथ में कुल्हाड़ी तो उसके दादा के हाथ में जेली थी। शोर सुनकर लोग एकत्र हुए तो वे चले गए। इसके बाद मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस पीजीआई पहुंची और बयान लिए। पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नवरात्र के पहले दिन मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# कई घंटों के इंतजार के बाद भक्तों को हुए माता के दर्शन, मांगी मन्नत

श्रद्धालु अलसुबह ही मंदिर में पहुंचना हो गए थे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार से नवरात्र मेले का आगाज हो गया। नवरात्र के पहले दिन बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कई घंटों के इंतजार के बाद मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन किए। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता की मंगला आरती सुनी और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा। उधर, पूरे बेरी कस्बा में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। कोई श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लिए हुए तो कोई पेट के बल लेटकर माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं।

माता के शैलपुत्री स्वरूप का हुआ पूजनः नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने माता के शैलपुत्री स्वरूप का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों और मंदिरों में जाकर माता की विशेष पूजा अर्चना की और माता की प्रतिमा के समक्ष प्रसाद चढ़ाकर अपनी आस्था जताई। उधर, नवरात्र पर्व के चलते बाजारों में भी रौनक छाई हुई है। दुकानदारों ने व्रत के सामान और नारियल, चुन्नी से अपनी दुकानों को सजाया हुआ है। किरयाणा की दुकानों पर अन्य दिनों की अपेक्षा बिक्री में भी वृद्धि हुई है।




झज्जर। मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा और माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन करने के लिए कतारबद्ध खड़े श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

#### 26 तक लगेगा मुख्य मेला

एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि इस बार मुख्य मेला 24 से 26 मार्च तक लगेगा। उन्होंने कहा कि माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में प्रत्येक श्रद्धालु को व्यवस्था अनुरूप माता के दर्शन हो सकें, इसके लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि मेले में आने वाले हर व्यक्ति को सुगमता और व्यवस्था से मता के दर्शन करवाए जाएं।



झज्जर। माता भीमेश्वरी देवी की पूजा अर्चना करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।



झज्जर। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं को तिलक लगाते हुए पंडित पवन कौशिक।

## दुर्गा चालीसा पाठ से पूर्ण होती है मनोकामना: पवन कौशिक

मंदिरों में आए श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मां आदि शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र वीरवार को कलश स्थापना के साथ शुरू हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत रूप से मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मंदिरों में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। मंदिरों में आए श्रद्धालुओं ने जय माता के जयकारे लगाए। नवरात्रि के पहले दिन सिद्ध बाबा प्रसाद गिरी मंदिर, श्रीराम मंदिर, मढ़ी दुर्गा माता मंदिर, श्री गोपाल मंदिर, श्रीलेखराज मंदिर, श्रीदुर्गा मंदिर, श्रीप्रेम मंदिर, चौरासी घंटे वाला मंदिर, श्री बूढा महादेव मंदिर, मां वैष्णों चौक व बाबा कांशीगिरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पंडित पवन कौशिक ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की विशेष आराधना होती है। नवरात्रि का प्रथम दिन शक्ति स्वरूपा मां शैलपुत्री को समर्पित है। कहा जाता है कि शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा करने पर सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने बताया नवरात्र के दिनों में दुर्गा स्तुति, दुर्गा सप्तशती व दुर्गा चालीसा पाठ करने से व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण होती है। इस मौके पर वेद बहल पाशु, देवेश शर्मा, आशीष चावला, शंकर ग्रोवर, सुधांशु हंस व योगेश रंजन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए निदेशक सोमबीर कोडान। फोटो : हरिभूमि

## फ्रेशर पार्टी से विविधता में एकता का दिया संदेश

■ एमआर कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस एंड रिसर्च सेंटर में रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एमआर कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस एंड रिसर्च सेंटर में वीरवार को फ्रेशर वेट-ओ-मानिया पार्टी का आयोजन किया गया। प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नवागंतुक विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

कार्यक्रम में राज्य क्राइम ब्रांच से एसीपी गरिमा सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जबकि विशिष्टातिथि के रूप में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर मनीष डबास, एसीपी सुरेंद्र सिंह, महिला थाना प्रभारी किरण, जिला शिक्षा अधिकारी रतींद्र व उप जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने डांस, सिंगिंग और फैशन शो जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांधा। प्रबंधक निदेशक सोमबीर कोडान ने कॉलेज की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुभवी संकाय सदस्य एवं नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित यह संस्थान पशु चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में मशहूर डांसर एवं सिंगर प्रांजल दहिया ने शानदार प्रस्तुति से ऑडिटोरियम को उत्साह से भर दिया। विद्यार्थियों ने हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, दिल्ली और पंजाब की सांस्कृतिक प्रस्तुति से विविधता में एकता का सुंदर संदेश दिया।

## उद्यमियों की हर शिकायत और समस्या की मॉनिटरिंग होगीः डीसी

■ बैठक में उपायुक्त ने उद्यमियों की शिकायतें ध्यान से सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने वीरवार को बहादुरगढ़ में आयोजित उद्यमी संवाद बैठक के दौरान औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत की मॉनिटरिंग की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। डीसी ने पुराना उपमंडल सचिवालय परिसर और जिमखाना क्लब का दौरा किया। इस दौरान एसडीएम बहादुरगढ़ अभिनव सिवाच भी उपस्थित थे।

बैठक में बीसीसीआई के अध्यक्ष सुभाष जग्गा, महासचिव नरेंद्र छिकारा, कोबी महासचिव प्रदीप कौल, सहसचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, सुनील गर्ग, पुरुषोत्तम गोयल, रवि चमड़िया व सुशील गोयल आदि उद्यमियों ने डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिला उपायुक्त ने व्यापारियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें सड़क मरम्मत, जल निकासी, सफाई व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन अनिल रोहिल्ला, नप के ईओ संजय रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

### नेहरू कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑपरेशन सिंदूर के सबक विषय पर की चर्चा

## अब औपचारिक युद्ध घोषणा के बिना भी दुश्मन पर सैन्य कार्रवाई संभव : बक्शी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी बात रखते हुए विषय विशेषज्ञ।

मेजर जनरल बिपिन बक्शी और ब्रिगेडियर अखिलेश भार्गव ने की चर्चा

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में वीरवार को रक्षा अध्ययन विभाग, एनसीसी, पूर्व विद्यार्थी संगठन तथा गवांड फाउंडेशन भदानी के संयुक्त तत्वावधान में रक्षा एवं सामरिक विषयों पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी समर संवाद का समापन हुआ। कर्नल योगेंद्र सिंह ने हरियाणा की सैन्य विरासत पर व्याख्यान में बताया कि पुराने जमाने में सुरक्षा की जिम्मेदारी व्यक्ति एवं समाज को खुद वहन करनी पड़ती थी और सुरक्षा व्यवस्था करना सामूहिक उत्तरदायित्व माना जाता था। उस समय संसाधन सीमित थे और युद्ध की क्षमता भौगोलिक सीमाओं तक ही सीमित थी। हरियाणा के लोग सीमित संसाधनों और अपेक्षाकृत कमजोर हथियारों के बावजूद अपनी वीरता, साहस और सम्मान की रक्षा के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। मेजर जनरल बिपिन बक्शी और ब्रिगेडियर अखिलेश भार्गव ने ऑपरेशन सिंदूर के सबक पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बदलाव करते हुए डायनेमिक रिस्पॉन्स मिलिट्री डॉक्ट्रिन को न्यू नॉर्मल के रूप में अपनाया है। इसके तहत आतंकवाद और उसके समर्थकों के खिलाफ बिना भेदभाव के कड़ी कार्रवाई, निर्णायक जवाब और परमाणु धमकी के प्रति शून्य सहनशीलता पर जोर दिया गया है। अब औपचारिक युद्ध घोषणा के बिना भी सैन्य कार्रवाई संभव होगी।



### हवन में आहुति अर्पित कर विश्व शांति और सुख-समृद्धि की कामना की

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हवन का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि यह अवसर नवसृजन, सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। हमें नए संकल्पों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया था। इसी तिथि से विक्रम संवत का भी शुभारंभ होता है, जो भारतीय कालगणना की प्राचीन प्रणाली है। चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। यह पर्व शक्ति, भक्ति, आत्मशुद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। प्रिंसिपल के साथ स्टाफ सदस्यों व स्वयंसेविकाओं ने आहुति अर्पित कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं मानव कल्याण की कामना की।

## वैदिक संस्कृति व नैतिक मूल्यों का प्रचार करना जरूरी: कुलश्रेष्ठ

■ ध्यान से मन को तनावमुक्त, शक्तिशाली और जागरूक किया जा सकता है : अंजू डांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा एवं आर्य युवा समाज हरियाणा के तत्वावधान में आर्य समाज स्थापना सप्ताह का आयोजन 19 मार्च से 25 मार्च तक बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है।

वीरवार को डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में यज्ञ और वैदिक भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्य समाज समिति के सदस्यों के साथ गायत्री मंत्र का उच्चारण एवं यज्ञ में आहुति डालते हुए प्राचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने कहा कि समाज में वैदिक संस्कृति, नैतिक मूल्यों तथा भारतीय परंपराओं का प्रचार-प्रसार करना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन प्रेम जी, विजय शैलानी और धारणा ने किया। शिक्षिका दीपशिखा, प्रतीक्षा और रेनू वत्स ने नववर्ष और वैदिक सप्ताह से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए। धारणा, मंजू, आरती, ज्ञानज्योति, मोनिका व दिव्या ने भजन के माध्यम से सभी को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और विक्रम संवत की शुभकामनाएं दी। आर्य समाज समिति के सदस्य ब्रह्मजीत छिकारा और जयपाल दहिया ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित वैदिक विचारधारा आज भी समाज को सही दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि यज्ञ एवं वैदिक भजनों के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा समाज में नैतिकता और भाईचारे की भावना को बल मिलता है। अंजू डांगी ने बताया कि ध्यान से मन को तनावमुक्त, शक्तिशाली और जागरूक किया जा सकता है। कार्यक्रम में ईश्वर आर्या, सुकरमपाल, बिजेंद्र खोखर, संतलाल मलिक, सत्यपाल वत्स, रविंद्र आर्या, प्रमोद छारा आदि ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



बहादुरगढ़। डीएवी स्कूल में हुए यज्ञ में आहुति डालते प्रिंसिपल व आर्य समाजी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### समाधान शिविर | समाधान शिविर संवाद का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहे: उपायुक्त

## ब्लॉक समिति सदस्य रिंकी ने जाखौदा में जलभराव के समाधान की लगाई गुहार

शिविर में कुल 20 शिकायतें दर्ज की गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के लघु सचिवालय परिसर में वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने एसडीएम अभिनव सिवाच की उपस्थिति में आमजन की शिकायतें सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए। शिविर में कुल 20 शिकायतें दर्ज की गईं।

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकांश शिकायतें परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), पेंशन, नगर परिषद, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, फायर विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा भूमि से संबंधित थी। गांव जाखौदा निवासी ब्लॉक समिति सदस्य रिंकी विजय दलाल ने गांव में जलभराव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने गांव में प्रवासी आबादी का उल्लेख करते हुए जलनिकासी के पुख्ता प्रबंध करने की मांग की। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक मामले में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहे हैं, जिनके माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त जगनिवास ने झज्जर में, एसडीएम रेणुका ने बेरी में व एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने बादली में लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर समाधान किया। इस अवसर पर एसीपी प्रदीप खत्री, तहसीलदार सुदेश मेहरा, नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार, बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री, सीएमओ डॉ. मंजू कादयान, डीएफएससी राजेश्वर मुदगिल, एक्सईएन अनिल रोहिल्ला, ईओ संजय रोहिल्ला और भाजपा नेता संजीव सैनी आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल।



### चौथे सेमेस्टर के बाद अनिवार्य इंटर्नशिप कार्यक्रम को लेकर किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को एनईपी संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईएसएस इंस्टीट्यूट कोंपासुर एडटेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से हुए कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत चौथे सेमेस्टर के बाद अनिवार्य इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ नवीन ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को शैक्षणिक अध्ययन के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इंप्लायबिलिटी इंटर्नशिप तथा रिसर्च इंटर्नशिप के बीच अंतर को भी स्पष्ट किया। उनके अनुसार आजकल छात्रों के लिए रोजगार कौशल विकसित करना बेहद महत्वपूर्ण है।